अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

Website - http://www.sindhibandhu.com

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in
अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी
E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *24 अंक 19 * दिनांक 28-02-2018 * संपादकः रेशमा भागवाणी : सहसंपादक - निर्मल भागवाणी : पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

श्रीदेवी की पार्थिव देह दुबई से घर पहुंची, आज दोपहर साढ़े तीन बजे होगा अंतिम संस्कार

श्रीदेवी की पार्थिव देह को मंगलवार रात दुबई से मुंबई लाया गया। इसके बाद बॉडी को एयरपोर्ट से सीधे लोखंडवाला स्थित उनके घर ग्रीन एकर्स ले जाया गया। इस दौरान उनके घर के बाहर फैन्स की भीड़ देखी गई। लोगों को संभालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रीदेवी का अंतिम संस्कार आज दोपहर 3:30 बजे होगा। इससे पहले दुबई पुलिस ने इंडियन कॉन्स्युलेट और उनके परिवार को मंगलवार दोपहर क्लीयरेंस लेटर सौंपने के बाद केस को बंद करने की बात कही। फोरेंसिक रिपोर्ट में सोमवार को खुलासा हुआ था कि श्रीदेवी की मौत कार्डिएक अरेस्ट से नहीं, बल्कि बाथटब में डूबने से हुई।

श्रीदेवी की पार्थिव देह रात 9:30 बजे मुंबई पहुंची

- श्रीदेवी की पार्थिव देह को अनिल अंबानी के चार्टर्ड प्लेन से मंगलवार रात 9:30 बजे मुंबई एयरपोर्ट लाया गया। प्लेन में बोनी कपूर, संजय कपूर और अर्जुन कपूर समेत 11 लोग मौजूद थे। बता दें कि अर्जुन कपूर मंगलवार सुबह ही दुबई गए थे। एयरपोर्ट पर अनिल कपूर, अनिल अंबानी समेत कई करीबी लोग देखे गए।

श्रीदेवी की मौत का केस बंद, बोनी कपूर को क्लीन चिट

- दुबई प्रशासन से क्लीयरेंस मिलने के बाद श्रीदेवी की बॉडी को लेप किया गया। इस प्रॉसेस में करीब 2 घंटे लगे।
- इससे पहले दुबई मीडिया ऑफिस ने ट्वीट कर बताया, "पब्लिक प्रॉसिक्यूशन ने कहा कि सारी जांच पूरी कर ली गई है। फोरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीदेवी की मौत दुर्घटनावश डूबने के कारण हुई। लिहाजा उनके केस को बंद किया जाता है।"
- उधर, दुबई पुलिस ने बोनी कपूर को इस मामले में क्लीन चिट दे दी है। पुलिस का कहना है कि इस केस में ऐसा कुछ नहीं मिला जिस पर संदेह किया जा सके।

कहां होगा अंतिम संस्कार?

-श्रीदेवी के परिवार की तरफ से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया- "इस भावुक पल में परिवार का साथ देने के लिए मीडिया का धन्यवाद। श्रीदेवी का अंतिम संस्कार 3:30 बजे विले पार्ले के श्मशान घाट में किया जाएगा। दोपहर 2 बजे अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। इससे पहले अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को सेलिब्रेशन स्पोर्ट्स क्लब में सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक रखा जाएगा।" सेलिब्रेशन स्पोर्ट्स क्लब श्रीदेवी के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर है।

- 25 फरवरी को जब श्रीदेवी की मौत की खबर आई थी, तब कहा गया था कि मौत कार्डिएक अरेस्ट से हुई। इसके बाद सोमवार फोरेंसिक रिपोर्ट में मौत की वजह 'एक्सीडेंटल ड्राउनिंग' यानी 'दुर्घटनावश डूबना' बताया गया।
- कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि श्रीदेवी के खून में अल्कोहल मिली। इसके बाद अनुमान लगाया गया कि शराब के नशे में श्रीदेवी अपना संतुलन खोकर बाथटब में गिर गईं। इसके बाद डूबने से उनकी मौत हो गई। खलीज टाइम्स ने रविवार रात को भी अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि श्रीदेवी की बॉडी पानी से भरे टब में पाई गई।
- फोरेंसिक रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस ने यह मामला आगे की कार्रवाई के लिए पब्लिक प्रॉस्क्यूटर को सौंप दिया। इसके बात सरकारी वकील ने 22 घंटे की कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मंगलवार करीब ढाई बजे श्रीदेवी की बॉडी को ले जाने की इजाजत दी।

इन 2 सवालों के जवाब अब भी नहीं मिले

1. जब फोरेंसिक रिपोर्ट आई तब शरीर पर चोट के निशान के बारे में कोई बात नहीं की गई। तो ऐसा क्या हुआ कि डेढ़ फीट गहरे बाथटब में गिरकर श्रीदेवी एक बार संभल भी न सकीं?
2.फोरेंसिक रिपोर्ट की जो कॉपी सामने आई है उसमें दुर्घटनावश डूबना लिखा है। यह कैसे पता चला कि दुर्घटना से डूबी हैं? डुबोया भी तो जा सकता है?

कब हुई थी मौत?

- श्रीदेवी की मौत शनिवार रात करीब 11.30 बजे जुमैरा एमिरेट्स टॉवर होटल के रूम नंबर 2201 में हुई थी। श्रीदेवी पति बोनी कपूर और छोटी बेटी खुशी के साथ भांजे मोहित मारवाह की शादी में शामिल होने दुबई गई थीं।

शनिवार शाम दुबई के होटल में क्या हुआ?

- परिवार के एक करीबी के हवाले से खलीज टाइम्स ने बताया था कि बोनी कपूर शादी में शामिल होकर मुंबई लौट गए थे। 24 फरवरी को दोबारा दुबई लौटे और वे शाम करीब 5.30 बजे जुमैरा एमिरेट्स टॉवर होटल गए। यहीं श्रीदेवी रुकी हुई थीं। बोनी श्रीदेवी को सरप्राइज डिनर पर ले जाने वाले थे। बोनी ने श्रीदेवी को जगाया और दोनों ने करीब 15 मिनट बात की। इसके बाद श्रीदेवी वॉशरूम गईं। जब वे 15 मिनट तक नहीं लौटीं तो बोनी ने बाथरूम का दरवाजा खटखटाया।
- अंदर से कोई रिस्पॉन्स न मिलने पर उन्होंने धक्का देकर दरवाजा खोला। बोनी ने देखा कि श्रीदेवी अचेत हालत में बाथटब में गिरी हुई थीं। बोनी ने उन्हें होश में लाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद उन्होंने अपने दोस्त को फोन किया। उन्होंने करीब 9 बजे पुलिस को जानकारी दी।
- बाथरूम में बेहोश होकर गिरने के बाद उन्हें दुबई के रशीद हॉस्पिटल ले लाया गया। हॉस्पिटल पहुंचने के पहले श्रीदेवी का निधन हो चुका था।

सुप्रसिद्ध सम्राट नमकीन ®
घर जैसी ही नमकीन

- सींग भुजीया
- बीकानेरी सेव
- लहसुन सेव
- रतलामी सेव
- मुंग दाल
- दालमोठ
- खट्टा-मीठा मीक्ष
- गांठीया
- टमटम
- चना जोरगरम
- बुंदी - तीखी / मोली
- सेव - सादा / नायलोन
- आलुसेव
- चना दाल
- चवाना - तीखा / मोला
- आलु वेफर-सोल्टेड/मसाला
- केला वेफर- मरी / मसाला
- फरारी चेवडा-तीखा/मोला

SAMRAT NAMKEEN PRIVATE LIMITED
71-74, Phase-2, G.I.D.C., Naroda,
Ahmedabad-382 330, Gujarat, INDIA
Phone : +91 - 79 - 22823328 / 29 / 30 / 31
Fax : +91 - 79 - 22823383
email : info@samratnamkeen.com
web : www.samratnamkeen.com

पीएनबी फ्रॉड: नीरव मोदी और मेहुल चौकसी के पासपोर्ट रद्द, बैंक के एमडी और डायरेक्टर से पूछताछ

नई दिल्ली. पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में हुए 11256 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में मुख्य आरोपी नीरव मोदी और उसके मामा मेहुल चौकसी के पासपोर्ट रद्द कर दिए गए हैं। उधर पीएनबी के एमडी सुनील मेहता और डायरेक्टर ब्रह्मा राव से सीबीआई पूछताछ कर रही है। एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। इस मामले में एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की कार्रवाई 11वें दिन भी जारी रही। शनिवार को एंटी-मनीलॉन्डरिंग लॉ के तहत नीरव मोदी ग्रुप की 21 प्रॉपर्टी अटैच की गईं। इनकी कीमत 523.72 करोड़ रुपए है। यह कार्रवाई अहमदनगर, मुंबई और पुणे में की गई। इनमें जमीन, फार्म हाउस, सोलर प्लांट और फ्लैट शामिल हैं।

176 अलमारियों, 158 डिब्बों और कंटेनर में मिली थीं इम्पोर्टेड घड़ियां

- ईडी ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर नीरव के एक गोडाउन पर छापा मारा था।
- इस कार्रवाई में कई इम्पोर्टेड घड़ियां जब्त की गई थीं। ये स्टील की 176 अलमारियों, 158 डिब्बों और 60 प्लास्टिक कंटेनर में भरी थीं।
- 30 करोड़ रुपए का बैंक डिपॉजिट और 13.86 करोड़ रुपए के शेयर भी जब्त किए गए थे।

ईडी ने तीसरा समन भी भेजा

- नीरव मोदी को ईडी ने तीसरा समन भेजा है। इसमें उसे 26 फरवरी को पेश होने को कहा गया है। पेश नहीं होने पर उसके प्रत्यर्पण (Extradition) की कार्रवाई की जाएगी।
- इससे पहले नीरव ने लेटर लिखकर ईडी के सामने पेश होने से मना कर दिया था।
- नीरव ने बिजनेस के सिलसिले में विदेश में होने की बात कही थी। इसके बाद तीसरा समन जारी किया गया।
- बता दें कि नीरव और मेहुल चौकसी उन पर केस दर्ज होने से पहले ही देश से बाहर जा चुके हैं।

ईडी ने अब तक कुल कितनी प्रॉपर्टी जब्त की?

- न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को ईडी के अफसरों के अनुमान के आधार पर बताया था कि अब तक नीरव की 5,870 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी जब्त की जा चुकी है।
- शनिवार को 523.72 करोड़ की प्रॉपर्टी की जब्त किए जाने के बाद यह आंकड़ा 6393 करोड़ हो गया है।

कौन-कौन कर रहा कार्रवाई?

- इस मामले में ईडी, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई), और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) कार्रवाई कर रहे हैं।

आईसीएआई ने क्या कार्रवाई की?

-गुरुवार को इस मामले में आईसीएआई ने भी एक्शन लिया। उसने आरबीआई से 2000 करोड़ तक के लोन डिफॉल्टर्स की लिस्ट मांगी है।
- आईसीएआई ने पीएनबी और गीतांजलि जेम्स कंपनी को शो-कॉज (कारण बताओ) नोटिस जारी किया है।
- पीएनबी के डिप्टी जनरल मैनेजर को समन जारी किया गया गया है। इसमें मामले से जुड़ी एफआईआर की कॉपी और फ्रॉड से जुड़ी जानकारी मांगी है।
- लेटर जारी करके सिक्युरिटी ऑफ एक्सचेंज बोर्ड (सेबी), सीबीआई, ईडी और पंजाब नेशनल बैंक से फ्रॉड के बारे में जानकारी मांगी है।
- 15 फरवरी को जारी इस लेटर में जांच एजेंसी से फ्रॉड में किसी चार्टर्ड एकाउंटेंट या फर्म के जुड़े होने से संबंधित जानकारी भी मांगी गई है।
- आरबीआई से उन सभी लोगों की लिस्ट देने को कहा है, जिन पर 2000 करोड़ से ज्यादा का लोन बकाया है।

गुरुवार को क्या कार्रवाई हुई?

- ईडी ने हीरा कारोबारी नीरव मोदी और गीतांजलि ग्रुप के मालिक मेहुल चौकसी के 100 करोड़ रुपए मूल्य के बैंक डिपॉजिट्स, लग्जरी कारें और शेयर्स जब्त किए।

वहीं, नीरव मोदी बयान दर्ज कराने के लिए ईडी के सामने भी पेश नहीं हुए।

- उधर, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने हैदराबाद सेज (इस्पेशल इकोनॉमिक जोन) में गीतांजलि ग्रुप की 1200 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की।

नीरव मोदी और मेहुल चौकसी से जुड़ा मामला क्या है?

- पंजाब नेशनल बैंक ने पिछले दिनों सेबी और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को 11,356 करोड़ रुपए के घोटाले के जानकारी दी थी। घोटाला पीएनबी की मुंबई की ब्रेडी हाउस ब्रांच में हुआ। शुरुआत 2011 से हुई। 8 साल में हजारों करोड़ की रकम फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स (एलओयू) के जरिए विदेशी अकाउंट्स में ट्रांसफर की गई।
- धोखाधड़ी की रकम 2016-17 में पंजाब नेशनल बैंक के 1,325 करोड़ के मुनाफे का 8 गुना, बैंक के 35,365 करोड़ के मार्केट कैप का एक तिहाई और 4.5 लाख करोड़ के कुल कर्ज का 2.5% है।
- 2017 में फोर्ब्स की अमीर भारतीयों की लिस्ट में शामिल नीरव मोदी इस फ्रॉड के केंद्र में है। मोदी का मामा मेहुल चौकसी भी आरोपी है। चौकसी गीतांजलि ग्रुप चलाता है। ग्रुप की तीन कंपनियों गीतांजलि जेम्स, गिली इंडिया और नक्षत्र के खिलाफ फ्रॉड केस दर्ज हुए हैं।
- सीबीआई ने नीरव और मेहुल के खिलाफ अलग-अलग दो एफआईआर दर्ज की हैं।

संपादकीय

फ्री में मोबाइल फोन पाने का मौका, मोदी सरकार ने दिया यह ऑफर

नई दिल्ली। मोदी सरकार बार-बार कई तरह के ऑफर लाकर लोगों खासकर युवाओं को सरकारी कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास करती रहती है। इस बार भी सरकार एक मजेदार ऑफर लेकर आई है। यह ऑफर भी सरकार की बहुचर्चित वेबसाइट माईगोवडॉटइन (mygov.in) पर दिया जा रहा है। सरकार ने उन लोगों को फ्री में मोबाइल फोन का ऑफर किया है, जो सरकार के एक कार्यक्रम के लिए टैगलाइन बनाकर भेजेंगे। सरकार को जो टैगलाइन पसंद आएगी, उसे मोबाइल फोन दिया जाएगा।

हम आपको बताएंगे कि क्या है यह ऑफर और आप कैसे इस कॉम्पिटीशन में भाग लेकर मोबाइल फोन जीत सकते हैं।

क्या है प्रोग्राम

दरअसल, मोदी सरकार चाहती है कि इन्वेस्टर्स में जागरूकता लाई जाए। साथ ही, उनके हितों की सुरक्षा की जाए। इसके लिए सरकार ने इंवेस्टर्स एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (आईईपीएफ) बनाया है। साथ ही, सरकार ने सितंबर 2016 में इंवेस्टर्स एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी का गठन किया गया। इस अथॉरिटी ने ही माईगोव डॉट इन पर टैगलाइन क्रिएशन कॉम्पिटीशन का आयोजन किया है।

क्या करना होगा

दरअसल, आपको करना यह है कि एक टैगलाइन बनानी होगी, जो वन-लाइनर होगी, जिसके अधिकतम शब्द 70 होंगे। आपकी टैगलाइन में इन्वेस्टर्स अवेयरनेस (विभिन्न माध्यमों से सेविंग्स व इन्वेस्टमेंट) का रिफ्लेक्शन होना चाहिए। यदि आपकी टैगलाइन चुनी जाती है, तो सरकार उसे अपनी इंटिलेक्चुअल प्रॉपर्टी घोषित कर देगी और उसका इस्तेमाल अपने विज्ञापनों के साथ-साथ प्रमोशनल और डिसप्ले के तौर पर करेगी।

कैसे होगा सलेक्शन

आपको अपनी टैगलाइन माईगोव डॉट इन पर ही अपलोड करनी होगी, जिसे एक स्क्रीनिंग कमेटी के पास भेजा जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 20 एंट्री को सेलेक्ट किया जाएगा। ये 20 एंट्री सेलेक्शन कमेटी को फाइनल सेलेक्शन के लिए भेजा जाएगा।

करते हैं प्राइवेट जॉब, जानिए अप्रेल में कितनी बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली. प्राइवेट जॉब करते हैं तो इस साल आपकी सैलरी में औसतन 10 फीसदी से कम ही बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। यह लगभग पिछले साल जितना ही है। वहीं, यदि आप खास प्रतिभा के धनी है तो आपका अपरेजल 15 फीसदी से ज्यादा हो सकता है, क्योंकि अब कंपनियां परफॉर्मेंस पर ज्यादा फोकस कर रही हैं।

एचआर कंसल्टेंसी एआन हेविट के सालाना सैलरी बढ़ोत्तरी सर्वे में यह जानकारी सामने आई है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल इंडिया इंक की एवरेज सैलरी हाइक 9.4 फीसदी रह सकती है।

एआन का मानना है कि भारत में एवरेज वेतन वृद्धि 9.4 से 9.6 फीसदी के बीच रह सकती है। सर्वे के अनुसार, भारत में कंपनियों ने 2017 में 9.3 फीसदी की एवरेज सैलरी हाइक दी थी। सालाना आधार पर इस बार भी सैलरी हाइक लगभग इतनी ही रह सकती है। हालांकि एशिया-पैसेफिक रीजन की बात करें तो भारत में वेतन वृद्धि की स्थिति बेहतर है।

एऑन इंडिया कंसल्टिंग के पार्टनर आनंदरूप घोष ने बताया कि कंपनियों के लिए कर्मचारियों में जरूरी स्किल की कमी चिंता की एक अहम वजह बन रहा है। कंपनियां नियुक्ति करने और सैलरी देने के मामले में अब पहले से अधिक सतर्कता बरत रही हैं।

शख्स का दावा: 2043 से आया हूं, होकर रहेगा तीसरा विश्व युद्ध, ये देश रहेंगे शामिल...



स्पेशल डेस्क.लोगों के भविष्य और भूतकाल में जाने के दावे अक्सर किए जाते रहे हैं। हाल ही में अमेरिका के एक और शख्स ने अंग्रेजी वेबसाइट मिरर पर दावा किया है कि वो 2043 में पैदा हुआ था। वर्तमान में ये बताने आया कि जल्द ही तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। इतना ही नहीं, इस शख्स ने बताया कि कैसे इसकी शुरुआत होगी और कौन-कौन से देश इसमें शामिल होंगे। इस दावे पर लोग इसलिए भी यकीन करने लगे हैं, क्योंकि नॉर्थ कोरिया का तानाशाह किम जोंग आए दिन परमाणु हमले की धमकियां भी देता रहता है।

ये देश होंगे शामिल

फिलिप्स नामक इस शख्स का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। हैरानी की बात है कि इसमें किए गए दावे भी नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग से जुड़े हैं। शख्स का कहना है कि वो लोगों को चेतावनी देने के लिए 2043 से वापस लौटा है। उसने आगे कहा कि सबसे पहले 2019 में नॉर्थ कोरिया और अमेरिका के बीच जंग छिड़ेगी।

मारा जाएगा किम जोंग

- फिलिप्स ने दावा किया कि जब अमेरिका एक न्यूक्लियर क्रूज मिसाइल से हमला करेगा। तब किम जोंग मारा जाएगा और इस जंग का अंत होगा।

लेकिन इससे छिड़ेगा तीसरा विश्व युद्ध

- शख्स ने आगे कहा, "किम जोंग के मारे जाने के बाद 2020 में तीसरा वर्ल्ड वॉर छिड़ जाएगा। रूस और चीन ब्रिटेन, अमेरिका और बाकी देशों के खिलाफ हो जाएंगे। ये बहुत तेजी से और बहुत ही विनाशकारी युद्ध होगा। कई जगहों पर परमाणु हमले होंगे। इससे करोड़ों लोग मारे जाएंगे। पर ये युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा।"

फिर जीतेंगे ट्रंप

- फिलिप्स ने दावा किया कि एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाएंगे। आपको बता दें कि इससे पहले भी एक शख्स ने भविष्य देखने का दावा किया है। उसने भी ट्रंप के दोबारा जीतने की बात भी कही थी।

मोदी सिर्फ सुपर रिच की मदद करते हैं, चौकीदार के सामने हीरा कारोबारी करोड़ों लेकर भाग गया: राहुल गांधी

बेंगलुरु.कर्नाटक की चुनावी रैली में राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस प्रेसिडेंट ने सोमवार को रामदुर्ग की रैली में कहा कि नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे करके भी दिखाएं। देश ने उन्हें सिर्फ भाषण देने के लिए प्रधानमंत्री नहीं बनाया। राहुल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सुपर रिच लोगों की मदद करती है। हीरा कारोबारी नीरव मोदी बैंक से गरीब और किसानों के 22 हजार करोड़ रुपए लेकर भाग गया, पर देश के चौकीदार ने एक शब्द नहीं बोला। बता दें कि राहुल गांधी शनिवार को तीन दिन के कर्नाटक दौरे पर गए हैं। यहां इसी साल अप्रैल या मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

येदियुरप्पा के बहाने मोदी पर निशाना साधा

- राहुल गांधी ने कहा, "मोदीजी को पीएम बने चार साल हो गए। उन्होंने गुजरात तो क्या दिल्ली तक में लोकपाल लागू नहीं किया। वो खुद को देश का चौकीदार कहते हैं, लेकिन देश में हो रहे फ्रॉड पर चुप क्यों हैं?''

- ''मोदी कुछ दिन पहले कर्नाटक आए और करप्शन पर खूब बोले। लेकिन इस दौरान उनके एक तरफ जेल से लौटे बीजेपी के सीएम (पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा) और दूसरी ओर चार वो मंत्री थे, तो बीजेपी की सरकार में ही जेल जा चुके हैं।''

पीएनबी फ्रॉड पर राहुल ने क्या कहा?

- राहुल गांधी ने पीएनबी में हुए 11,356 करोड़ के फ्रॉड का जिक्र करते हुए कहा, "नीरव मोदी देश के किसान और गरीबों का 22 हजार करोड़ रुपए लेकर भाग गया। लेकिन देश के चौकीदार ने एक शब्द तक नहीं बोला।''

- गुजरात की तरह कर्नाटक में भी राहुल ने जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' बताया। उन्होंने कहा, "जीएसटी के जरिए आम आदमी की जेब में जो भी कुछ है, उसे छीना जा रहा है। लाखों लोगों का बिजनेस ठप हो गया, लेकिन एक आदमी नया जादुई बिजनेस चला रहा है। अमित शाह के बेटे जय शाह ने 3 महीने में ही 50 हजार रुपए से 80 करोड़ बना लिए। इस पर भी हमारे चौकीदार एक शब्द नहीं बोलते।''

- कांग्रेस प्रेसिडेंट ने कहा कि मोदीजी सिद्धारमैया (कर्नाटक के मुख्यमंत्री) से कुछ सीखें। आप जो भी करते हैं, नीरव मोदी जैसे लोगों के लिए करते हैं।- राहुल बोले, "मनी पावर, मार्केटिंग, टेलीविजन और मीडिया सब बीजेपी की तरफ हैं। इसके बाद भी हम विधानसभा चुनाव जीतेंगे, क्योंकि कांग्रेस के पास गरीब और कमजोर तबके की ताकत है। हम उनके लिए हमेशा काम करते रहेंगे और कर्नाटक के विकास के लिए सब को एकजुट करेंगे।''

NCPSL देगी सिंधी भाषा तालीम, कला और संस्कृति में श्रेष्ठ अनुदान के लिए करेगी एवार्ड वितरण कार्यक्रम

NCPSL साल 2016 -१७ में सिंधी भाषा की तालीम, कला और संस्कृति में अनूठे और श्रेष्ठ अनुदान के लिए अवार्ड वितरण करेगी।

लाइफ टाइम अचीवमेन्ट एवार्ड (5 लाख रु इनाम)

1. साहित्यकार सन्मान - श्री जगदीश लछाणी
2. साहित्य सन्मान रचना - श्री किशनचंद खूबचंदाणी साहित्यिक एवार्ड (1 लाख रु इनाम)
1. भारती सदारंगाणी
2. रोशनी रोहिड़ा
3. सुरेश बाबलाणी
4. लोक कथाऊ
5. शोभा राम लालचंदाणी
6. नामदेव लाडला

NCPSL का इस एवार्ड वितरण के लिए खास कार्यक्रम रख के बाअदबी से देने का प्लान हैं.

सिन्धी समाज की उदारता के प्रणेता सुनील तोलानी

प्रिन्स संस्था के CEO सुनील तोलानी कोर्पोरेट दुनिया के नियम पुनः लिख रहे हैं. सुनील तोलानी भारत से अमेरिका में इमिग्रेंट हैं, जो हिल्टनम मरिओत और हॉलिडे इन् जैसी कई बड़ी होटल के मालिक, देवलोपेर और ऑपरेटर हैं.

तोलानीजी ने वाइट हाउस फेयर चांस की साईन की हैं, जिसके तहत वो बहुत सरे जरूरतमंद लोगो की मदद करते हैं. तोलानीजी का कहना था की "मेरे साथ प्रिन्स में जादू जैसा आत्मिक अनुभव होता हैं, मेरे लिए कभी यह रुपयों की बात नही थी".

इसके बारे में तोलानीजीने कहा की मुझे इस कम की प्रेरणा मेरे पिताजी से मिली वो अक्शर कहा करते थे की "एक व्यक्ति, अच्छा व्यक्ति दूसरो की मदद करके ही बन सकता हैं'. और उनका अपना भी मानना हैं की, "साथ कम करके, हम एकता कायम कर पाएंगे और राष्ट्र को और मजबूत बना पाएंगे, और एकता के साथ हम बदलाव ला पाएंगे".

इस बारे में उनका पत्नी का कहना था की "मेरे पति हमेशा ही लोगो अनेको तरह से मदद करते रहते हैं, और अपने बच्चों को भी कई बार समजते हैं की कैसे समाज में दुसरो लोगो की मदद करे, क्योंकि आखरी सांसो में सिर्फ इन्ही कार्य को परमात्मा के दरबार में गिना जाता हैं."

wyndham होटल के CEO ने तोलानी जी के बारे में कहा की "उन्होंने अपने आप को ऐसी जगह पे पहुचाया हैं की जहा से वो बहुत अच्छे काम कर सकते हैं. उनके काम करने का और दुसरे को सहयोग करने का तरीका दुसरे लोगो और उनके वह काम करते लोगो को उनकी जिन्दगी में बहुत अच्छा बदलाव लता हैं - वह बहुत ही हल्दी दुनिया के बेहतरीन लीडर में से एक होंगे" तोलानी जी के परिवार दलाई लामा और बिशप डेस्मंड टूटू से भी आशीर्वाद पाने का मौका मिला हुआ हैं.

हिल्टन के CEO क्रिश नस्सेता और तोलानी जी कुछ हफ्तों पहले मिले थे " उनके साथ अगर कुछ समय बिताओ और आप खुद ही कहोगे 'अहा'... बिलकुल साफ़ है की कौन इस बातचीत को और बेहतरीन बना रहा हैं. वह बहुत ही अच्छे नसीब लेके आये हैं. वह सोसाइटी को वापिस देना, खुद की एक जिम्मेदारी मानते हैं. बह हर दिन किसी को उनकी जिन्दी में मदद करते हैं.

ट्राफिक जाम सहित इमरजेंसी के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुख्यमंत्री ने करवाया शुभारम्भ

ट्राफिक जाम सहित इमरजेंसी के लिए 239 करोड़ के खर्च से नवनिर्मित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुख्यमंत्री ने करवाया शुभारम्भ

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने आज पालड़ी में 239 करोड़ के खर्च से नवनिर्मित ट्राफिक जाम सहित इमरजेंसी मॉनीटरिंग के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का शुभारम्भ करवाया।

स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के तहत किए गए इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बनवाए गए इस आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पुलिस सहित कॉर्पोरेशन के विभिन्न विभागों के कार्य किए जाएंगे। इसमें ए.एम.टी.एस., बी.आर.टी.एस. और स्काडा सहित कार्यों का निरीक्षण करने के कार्य सीसीटीवी देखकर किए जाएंगे।

आग, ट्राफिक और बरसात आदि का एक ही स्थल से मॉनीटरिंग किया जा सके, ऐसा देश का यह पहला आधुनिकतम कंट्रोल रूम है। करीब 8 करोड़ की लागत से तैयार इस कंट्रोल रूम से 6000 सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण तथा विभागों का संचालन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गुजरात के छह शहर स्मार्ट सिटी बन गए हैं। स्मार्ट सिटी की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर सिंचाई, पानी, यातायात आदि का नियंत्रण करने से बचत भी हो सकेगी।

एक ही स्थल से वीडियो वॉल पर सम्पूर्ण कमांड एंड कंट्रोल सम्भव हुआ है। इससे भविष्य में स्मार्ट सिटी की दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि इस आधुनिकतम कंट्रोल रूम में से शहर में आग, ट्राफिक, वर्षा आदि की परिस्थिति का निरीक्षण किया जा सकेगा। इसके लिए 27 इंच के एल.ई.डी. लगाए गए हैं।

अहमदाबाद महानगरपालिका आयुक्त श्री मुकेश कुमार ने स्लाइड शॉ द्वारा संकलन और कंट्रोल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहर की भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर समग्र सिस्टम में 30,000 जितने इनपुट पॉइंट जोड़े गए हैं। इनसे सम्बन्धित पॉइंट की रियल टाइम स्थिति को पता किया जा सकेगा। —

इस अवसर पर सांसद किरीटभाई सोलंकी, विधायक राकेशभाई शाह, मेयर गौतमभाई शाह, अहमदाबाद महानगरपालिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव का शुभारम्भ करवाया

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने आज कहा कि गुजरात में भविष्य में सामने आने वाली आवश्यकताओं और उनको पूर्ण किया जा सके, इसके लिए गुजरात में स्मार्ट सिटीज़ का निर्माण किया जाएगा। अहमदाबाद के पंडित दीनदयाल हॉल में आयोजित स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव का शुभारंभ करने के मौके पर उन्होंने कहा कि अहमदाबाद ने अपने हेरिटेज़ मूल्यों को बरकरार रखते हुए 607 वर्ष पूर्ण किए हैं। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी बनाने की दौड़ में भी अग्रसर है।

समय के साथ कदम मिलाकर इज़ ऑफ डुइंग बिजनेस के साथ इज़ ऑफ लाइफ़ की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता बतलाते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात में सम्पन्न लोगों से गरीब लोगों तक इज़ ऑफ लिविंग द्वारा बेहतर जीवन व्यवस्था खड़ी करनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट योजना द्वारा गुजरात में नयी व्यवस्था प्रस्थापित की है। इससे भारत के शहरी विकास को एक नयी दिशा मिलेगी।

गुजरात के तमाम जिला मुख्यालयों पर सीसीटीवी सर्वेलेंस सघन बनाया गया है। इसकी भूमिका में एलईडी के उपयोग पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली के खम्भों पर एलईडी लाइट्स के उपयोग से बिजली की बचत हो रही है।

गुजरात शांत और समृद्ध है। गुजरात की जनता का व्यापार के क्षेत्र में नाम है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात को जो उंचाइयां दी हैं, उसे बरकरार रखकर आगे बढ़ते हुए विश्व के शहरों को भी गुजरात के शहर टक्कर दे सकें, इस प्रकार की स्मार्ट सिटीज बनायी जाएंगी।

गुजरात के शहर एलईडी सुविधा वाले, वाईफाई व्यवस्था वाले और समग्र शहर में सीसीटीवी का सर्वेलेंस हों, इस तरह के होने चाहिए। ऐसी व्यवस्था करने के लिए सरकार आगे बढ़ रही है। इसमें स्थानीय स्वराज की संस्थाएं और ट्राफिक नियमन के लिए पुलिस का सहयोग भी अपेक्षित है।

गुजरात ने बीआरटीएस द्वारा मास ट्रान्सपोर्टेशन का सफल प्रयोग किया है। बीआरटीएस में जीपीएस सिस्टम और कम्युनिकेशन के साधनों द्वारा नागरिकों की सुविधा में बढ़ोतरी करने की दिशा में सरकार कार्यरत है।

गुजरात ने पीपीपी मॉडल का सफलतापूर्वक अमल किया है। इस वर्ष के बजट में 12,500 करोड़ रुपए शहरी विकास के लिए आवंटित किए गए हैं।

श्री रूपाणी ने शहरी विकास के लिए सड़क और बिजली आदि के टाइम बॉन्ड इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेन्ट की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा बदलती टेक्नॉलॉजी के साथ कदम मिलाकर आधुनिक टेक्नॉलॉजी अपनाने की जरूरत है।

पालड़ी में तैयार किए गए कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में होने वाले निरीक्षण कार्यों की उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में ए.एम.टी.एस. की इलैक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन सिस्टम को लॉन्च किया और तीन बेस्ट स्टार्ट अप कम्पनियों को सम्मानित किया। श्री रूपाणी ने बी.डब्ल्यु. स्मार्ट सिटीज़ मैगजीन का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर अहमदाबाद के मेयर श्री गौतमभाई शाह, मनपा आयुक्त मुकेश कुमार, अहमदाबाद स्मार्ट सिटी के सीईओ राकेश शंकर, स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव पेनल के सदस्य आरके. जोशी, विजयसिंह शेखावत, अमित वाधवाणी, वर्षा गांगुली और कई नागरिक उपस्थित थे।

मणिनगर चेटीचंड सिन्धी कमिटी द्वारा चेटीचंड के दिन विविध कार्यक्रम और शोभा यात्रा का आयोजन

सुबह - 7.30 बजे जुलेलाल मणिनगर मंदिर मैं बेहराणे साहेब जी की ज्योत जगाई जाएगी

सुबह - 8.30 बजे समूह जनोई कार्यक्रम - जुलेलाल मंदिर पे आयोजित किया गया हैं.

सुबह - 10.30 बजे जुलेलाल मंदिर पे 151 प्रसाद का महाभोग

सुबह - 11 बजे से 2 बजे तक लंगर का आयोजन

दोपहर - 2.30 बजे पहली बार मणिनगर सिन्धी कमिटी के तरफ से शाही शोभा यात्रा(सरगस) निकाली जाएगी - इसका रूट इस प्रकार होगा

पूज्य झूलेलाल मंदिर से मणिनगर रेलवे क्रोसिंग होके वाया दक्षिणी सोसाइटी वाया गुडलक सोसाइटी से नेताजी सोसाइटी वाया जयहिंद चार रस्ते से जवाहर चौक से निरंकार सोसाइटी वाया नोहन फ्लेट वाया पुष्पकुंज से कांकरिया साई झूलेलाल ओपन एयर थियेटर जाएगी और शाम 7 बजे समापन होगा।

इसमें विविध पुरुष्कार देना किया गया हैं.

शाम 7 बजे - शोभा यात्रा के बाद शाम 7 बजे भंडारा साहेब का आयोजन किया गया हैं

शाम 7.30 बजे - सिंधी गरबा

8.30 - मस्त कलिंदर म्यूजिकल नाईट

9. 30 - बच्चो का डांस प्रोग्राम

इस प्रोग्राम को सफल बनाने में विविध कार्यकर अपना अनूठा सहयोग देने के लिए तत्पर रहेंगे

जयभाई समताणी , रमेश कोडवाणी , इंद्रकुमार आडवाणी , सुनिलभाई मूरजाणी , भरतभाई तनवाणी, खेमचंद असरानी, रमेश रंगवाणी, आसनदास मंगलाणी, चंद्रकांत पहलवाणी, मनोज जमताणी, अशोक भमभाणी, सीतल जमताणी, दिलीप गिडवाणी, महेन्दर दक्षाणी, रामभाई मेघराजाणी, विक्रम गोपलाणी, भावेश राजाई , भरत जमताणी, सोनुभाई हेमाणी, रमेश कोड़वाणी, विनोद मोटवाणी

हितेश दादवाणी (MDRT Agent SBI Life Insurance) की तरफ से होली के पर्व की आप सबको हार्दिक अभिनंदन

SBI Life
INSURANCE
With Us, You're Sure

happy Holi

मो. 7600026137

हितेश दादवाणी

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया